शिव ने तांडव किया, सजी कई झांकियां

मेड़ता सिटी (निसं)। नवरात्रा महोत्सव पर सिद्धि विनायक मंदिर जेतारण चौकी पर नवरात्रा नवयुवक मंडल के तत्वाधान में प्रतिदिन विभिन्न प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न भजनों,नृत्य किया जा रहा है साथ ही झांकियां सजाई जा रही। इन कार्यकमों को देखने बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष व बच्चे पहुंच रहे जो देर रात्रि एक दो बजे तक इस भक्तिमय कार्यकम का लुप्त उठाते है। शनिवार रात्रि के दीपक त्रिपुरारी एंड ठ्ुप द्वारा शिव, माताजी, राम, हनुमान,बाबा रामदेव ,काली माता की वेश बनाकर एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम किए,साथ ही आकर्षक झांकियां सजाई गई। मुख्य कलाकार दीपक त्रिपुरारी सहयोगी कलाकार धर्मेंद्र सिंह,गौरव ,दीपक सेंडी,किट्टू रंगीली, कार्तिक,कमल आदि ने कार्यक्रम पेश किए।

आगामी त्योहारों एवं पंचायतराज के चुनाव को लेकर फ्लैगमार्च निकाला

निवाई। आगामी त्योहारों को सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने एवं पंचायतराज के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व निर्भीक संपन्न करवाने के लिए डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने शहर में फ्लेगमार्च निकालकर लोगों को कानून व्यवस्था एवं आचार संहिता की पालना करने लिए प्रेरित किया। पुलिस फ्लेगमार्च गणगौरी बाजार से रवाना होते हुए चौहट्टी बाजार, सर्राफा मार्केट, बिलाला मार्केट, बडा बाजार, पटेल रोड, बस स्टेण्ड होते हुए अहिंसा सर्किल, आदित्य प्लाजा एवं प्रताप स्टेडियम होते हुए वापस पुलिस थाना पहुंचा। इस दौरान डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा ने लोगों को आगामी दशहरा महोत्सव व दिपावली के त्यौहारों को सौहार्द एवं

निवाइ शहर में फ्लैगमार्च निकालते हुए पुलिसकर्मी।

भाईचारे के साथ मनाने एवं पंचायतराज के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व निर्भीक संपन्न करवाने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, भयमुक्त, निष्पक्ष, निर्भीक एवं सुव्यवस्थित मतदान करें। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को पूरी तरह चाक चौबंद रखने, रात्रि गश्त बढ़ाने, मादक पदार्थ व अवैध शराब माफियों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, मतदाताओं को डराने धमकाने वालों पर विशेष निगाह रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कानून कार्यवाही करने की सुनिश्चिता करने एवं संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस उप निरीक्षक भारती मीणा व पुलिस सहायक उप निरीक्षक कमलेश गुर्जर सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

ई-कचरे का निस्तारण

अजमेर । उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे विशेष अभियान 6.0 के तहत रेलवे कार्यालयों और परिसरों को कबाड़ मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य अनुपयोगी सामठाी और इलेक्ट्रॉनिक कचरे की पहचान कर उनका नियमानुसार निस्तारण करना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ कार्यालयों में उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग किया जा सके। अभियान के तहत मंडल के विभिन्न विभागों ने पुराने उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन के लिए कदम उठाए हैं। इनमें संकेत एवं दूरसंचार, चिकित्सा और विद्युत विभाग प्रमुख रूप से शामिल हैं। संकेत एवं दूरसंचार विभाग ने पुराने और अनुपयोगी संकेत एवं संचार उपकरणों की पहचान कर उनका सूचीकरण किया है।

कांग्रेस के परिवारवाद से कार्यकर्ताओं में नाराजगी, बागियों को मनाने में जुटी कांग्रेस

दौसा (निसं.)। जिला परिषद के 37 वार्डो के टिकट वितरण एवं नामांकन भरने की प्रक्रियापूर्ण होने के साथ ही भाजपा एवं कांग्रेस नेता बागियों को मनाने में जुट गये है। इधर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने कांठोस के बागियों से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के समर्थन में नामांकन लेने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि जिला परिषद के 37 वार्डो के टिकट वितरण की प्रक्रियापूर्ण होने के साथ ही भाजपा एवं कांग्रेस के नेता पंचायत समिति के सदस्यों के नाम तय करने तथा जिला परिषद के वार्ड में टिकट नही मिलने पर रुष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को मनाने में जुट गये है। बताया जाता है जिला परिषद सदस्य के लिए तकरीबन एक दर्जन अधिक कांठोस के बागी चुनावी मैदान में डटे हुये है, जिसके कारण कांठोस की गणित बिगडती नजर आ रही है। उधर कांठोस के जिला अध्यक्ष रामजीलाल ओड ने बागियों को मनाने के लिए कमेटी का गठन कर दिया है तथा बागियों से लगातार सम्पर्क कर कांग्रेस के पक्ष में नामांकन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। वही दूसरी ओर सिकन्दरा पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुल्तान बैरवा ने टिकट नही मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला परिषद के वार्ड 19 से अपनी पत्नी को निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनावी मैदान में उतार दिया है, जिसके चलते वार्ड 19 में त्रिकोणात्मक संघर्ष होने की स्थित बन गई है। हालांकि कांठोस के उच्च स्तरीय नेता पूर्व प्रधान सुल्तान बैरवा को मनाने में जुटे हुये है। इधर वार्ड 13 में युवा कांठोस के पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित मीणा ने टिकट वितरण से नाराजगी व्यक्त करते हुये अपनी पत्नी शीतल मीणा को चुनावी मैदान में उतार दिया है। सूत्रो ने बताया कि जिला कांठोस कमेटी ने टिकट वितरण में अठाीम संगठनो की जमकर अनदेखी की है जिसके चलते अठाीम संगठनों के पदाधिकारियो में गहरी नाराजगी चल रही है,जिसका खामियाजा पंचायतीराज चुनाव में भुगतना पड सकता है। उधर भाजपा में टिकट वितरण को लेकर इस बार सभी नेताओ की राय एक रही, जिसके चलते भाजपा में बागियों की संख्या शून्य के बराबर रही। कांठोसी नेता पंचायतीराज चुनाव में कांठोस का बोर्ड बनने को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे है, जिसके चलते इस बार टिकट वितरण में परिवारवाद को विशेष महत्व दिया गया है। राजनैतिक पण्डितो का मानना है कि भाजपा में भारी गुटबाजी होने के बावजूद नगर निकाय चुनाव में अन्य चुनावो की तुलना में इस बार बेहतर प्रदर्शन रहा है। हालांकि भाजपा नगर निकाय चुनाव में 11 मे से 3 में ही अपना बोर्ड बना पाई है, लेकिन मत प्रतिशत में बढोत्तरी हुई है। ऐसे में कांठोस को पंचायतीरात चुनाव में पूरी ताकत के साथ चुनाव लडना होगा।

बलवा नियंत्रण एवं भीड़ प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

■ पुलिस लाईन में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

दौसा (निसं.)। जिला एवं पुलिस प्रशासन ने दौसा जिले में पंचायती राज चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, स्वतंत्र तथा भयमुक्त कराये जाने के लिए अपनी कमर कस ली है। इधर पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस लाईन में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया है, जो विषम परिस्थितियों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा उपद्रवियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सक्षम होगें।

उल्लेखनीय है कि आगामी पंचायतीराज आम चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने तथा जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) दौसा के निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन दौसा में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के लिए बलवा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, आधुनिक उपकरणों के उपयोग तथा ड्रोन संचालन से संबंधित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पुलिस लाइन दौसा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालसोट, वृत्ताधिकारी वृत्त नांगल, महवा, दौसा सिटी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी मेहंदीपुर बालाजी एवं झांपदा तथा पुलिस लाइन में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल एवं कांस्टेबल सहित लगभग 100 पुलिस अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को बलवा परेड, भीड़ नियंत्रण तथा उपद्रव की स्थिति में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बलवा नियंत्रण में उपयोग होने वाले आधुनिक उपकरणों, गैस गन, विभिन्न प्रकार के ठोनेड, गैस सेल तथा वठा वाहन से संबंधित उपकरणों के उपयोग एवं उनकी कार्यप्रणाली के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को विषम एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने, भीड़ को नियंत्रित करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार करना है।

इसके माध्यम से पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता, आपसी समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक मजबूत किया जा रहा है, ताकि चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि आगामी चुनावों के दौरान असामाजिक तत्वों, अवांछनीय गतिविधियों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन दौसा में ड्रोन टीम के प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों द्वारा ड्रोन संचालन का विशेष अभ्यास भी लगातार करवाया जा रहा है। ड्रोन के माध्यम से हवाई निगरानी करने, संवेदनशील स्थानों पर गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता के अनुसार पुलिस की निगरानी व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के उपयोग से पुलिस की निगरानी क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कवियों ने रचनाओं से बांधा समां

संकल्प साहित्य साधना मंच पावटा के तत्वावधान में भव्य काव्य समागम का आयोजन किया गया।

पावटा। संकल्प साहित्य साधना मंच पावटा के तत्वावधान में रविवार को गुलमोहर स्कूल के प्रांगण में भव्य काव्य समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कवियों और साहित्यप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कवियों ने अपनी ओजपूर्ण, भावपूर्ण और प्रेरणादायी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि कल्याण गुर्जर कल्याण ने की। सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी शिवराम सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि वैद्य ओमप्रकाश जोशी एवं कवि प्रकाश प्रियम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद वैद्य ओमप्रकाश जोशी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर साहित्यिक आयोजन का विधिवत आगाज किया। काव्य समागम में कवि उमेश चन्द्र चन्दर, गिरधारी सिंह गिरधर, प्रकाश प्रियम, शिवम शर्मा विशेष, सुरेश धमोरा, नरेश बंसल, श्याम सुंदर आर्य, वैद्य ओमप्रकाश जोशी, छाजू सिंह शेखावत, सुनील सलोना एवं राजकुमार मीणा सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। कविताओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, मानवीय संवेदनाओं और जीवन के विविध पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कवि शिवम शर्मा विशेष ने किया। अंत में साहित्य साधना मंच के संरक्षक उमेश चन्द्र चन्दर ने सभी अतिथियों एवं कवियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने साहित्यिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। साहित्य और काव्य के प्रति समर्पित इस आयोजन ने क्षेत्र में साहित्यिक चेतना को नई ऊर्जा देने का संदेश दिया।

हनुमान जी ने जलाई सोने की लंका...

■ शबरी को दिया नवदा भक्ति का ज्ञान, हनुमान जी से मिले श्रीराम व लक्ष्मण

■ कस्बे के आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर में रामलीला का मंचन जारी

कोटपुतली। वैदेही के हरण के बाद जटायु का अंतिम संस्कार करने के बाद श्रीराम और लक्ष्मण आगे बढ़े। रास्ते में उनका सामना कबंध नाम के एक विशाल और भयानक राक्षस से हुआ। प्रभु श्रीराम ने उसकी विशाल भुजाओं को काट दिया। मरते समय कबंध ने अपने असली रूप (गंधर्व) में आकर भगवान को धन्यवाद दिया और उन्हें आगे का मार्ग बताते हुए माता शबरी के आश्रम जाने की सलाह दी।

कबंध के बताए मार्ग पर चलते हुए प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण मतंग ऋषि के आश्रम पहुंचे, जहाँ माता शबरी वर्षों से उनकी राह देख रही थीं। शबरी ने भगवान राम व लक्ष्मण का भावभीना स्वागत किया, उनके चरण धोए और अपनी परम भक्ति के वशीभूत होकर उन्हें चुन-चुनकर मीठे बेर खिलाए। प्रभु ने उनके प्रेम को सहर्ष स्वीकार किया। माता शबरी ने ही प्रभु श्रीराम को व्याकुल देखकर उन्हें सांत्वना दी और कहा कि यहाँ से आगे ऋष्यमूक पर्वत पर वानर राज सुठाीव रहते हैं। आप उनसे मित्रता कीजिए, वे माता सीता की खोज में आपकी सहायता अवश्य करेंगे। प्रभु श्रीराम माँ शबरी के झुठे बेर खाकर अपनी भक्त माँ शबरी की मनोकामना पूर्ण करते है। वहीं प्रभु श्रीराम द्वारा दिये गये नवदा भक्ति का ज्ञान प्राप्त करने के बाद शबरी माँ परम धाम को प्रस्थान करती है।

युवक-युवतियों ने जमकर खनकाए डांडिया

■ डांडिया महोत्सव में उमड़े शहरवासी

निवाई। नवरात्रा महोत्सव को लेकर निर्भया मण्डल जमात के तत्वावधान में आदर्श गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें युवक-युवतियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया एवं भजनों पर जमकर डांडिया खनकाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ वनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रोफसर ईना शास्त्री, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, समाज सेविका प्रमिला खंडेलवाल, पार्षद करण सिंह व पार्षद दयाराम चौधरी ने माँ दुर्गा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इस दौरान माँ दुर्गा की महाआरती करके डांडिया शुरू किया गया। डांडिया महोत्सव में युवक-युवतियों ने बेहद मनमोहक सामूहिक प्रस्तुतियां दी। विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। डांडिया में युवक-युवतियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए चौगाडा तारा, केसरियो रंग थाने लागेलो गरबा, पंछिड़ा ओ पंछिड़ा रे, ढोलीडा ढोल तो बजा, गौरी नाचे छमक-छमक नागौरी नाचे, आई गई रात, नगाडा संग ढोल बाजे रे व गरबे की रात है सहित गुजराती गरबा, डांडिया, राजस्थानी व बॉलीवुड गानों की धुनों पर जमकर थिरकने का आनंद लिया। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ललिता शर्मा, कल्पना, दीपिका, मीनाक्षी, मधु, सरोज, पूनम सोनी, आकांक्षा, नंदनी व मुन्नालाल चौधरी सहित मण्डल के कई सदस्य मौजूद थे।

NAME CHANGE

I Vidya legally wedded spouse of Air Force No 703404-T Ex SGT Mahesh Kumar Jhuria resident of pocket- F 5/49 AWHO colony Sugan Vihar Vidyadhar Nagar sector 1 Jaipur that I want to change my name from VIDYA to VIDYA DEVI vide affidavit dated 16 oct 2026 before notary public jaipur

खोया पाया

I sabina franklin have lost my "certificate of handing over" of house no 74/162A Mansarovar jaipur Anyone find it contact - 9460556744

में धनश्याम वर्मा पुत्र छीतर मल, वार्ड नं. 13. एल. बी. एस. कॉलोनी, चाकसू, का निवासी हूँ। मेरा कनक वृन्दावन बायपास टोंक रोड, चाकसू, में बोबाड़ी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर द्वारा जारी एक भूखंड का मूल पट्टा है, रजि नं 2633/1, PLOT NO 5, SIZE 35-35 (147.77 वर्ग गज) उक्त भूखंड का मूल पट्टा कहीं गुम खो गया है। जिसकी स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज है। किसी को मिले तो निम्न नंबर पर संपर्क करें-7976578922

नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

गली-मोहल्लों से गांवों तक नशे के कारोबार की चर्चा

■ आमजन में भय, पुलिस की प्रभावी कार्रवाई की दरकार

पावटा। क्षेत्र में नशे के बढ़ते चलन को लेकर आमजन की चिंता गहराने लगी है। जगह-जगह नशे के कारोबार की चर्चाएं सामने आ रही हैं, वहीं नशे की गिरफ्त में आ रहे युवाओं को लेकर परिवारों की परेशानी भी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि नशे की लत के चलते कुछ युवक चोरी जैसी वारदातों में शामिल हो रहे हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा और क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

हालांकि प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर 13 मामलों में मादक पदार्थ जब्त किए जिनमें गांजा, डोडा चूरा, अफीम और ट्रामाडोल कैप्सूल से जुड़े मामले दर्ज, पंजाब के आरोपियों के नाम भी सूची में शामिल है। क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ प्रागपुरा पुलिस की कार्रवाई के दौरान वर्ष 2026 में 14 अक्टूबर तक एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 13 मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें नशे के सौदागरों पर प्रागपुरा पुलिस व एएनटीएफ ने शिकंजा कसकर 16.712 किलो डोडा चूरा और 1.12 लाख रुपये जप्त कर 32 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया।

वही ग्राम मंढा में प्रागपुरा थाना पुलिस ने जिला स्पेशल टीम के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए 6976 नशीले कैप्सूल व नशीले कैप्सूल बेचने पर प्राप्त राशि 17780 रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रागपुरा पुलिस ने 3.6 टन डोडा पोस्त ज्योकि''जौ के कट्टों में छिपाकर लाई जा रही 3 करोड़ की नशे की खेप जब्त किया । नशा केवल व्यक्ति की सेहत को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। जब कोई व्यक्ति नशे का आदी हो जाता है, तो उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ने के साथ पारिवारिक तनाव भी बढ़ सकता है।

ऐसे में नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी या अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की आशंका भी पैदा होती है। हालांकि, हर नशा करने वाला व्यक्ति अपराधी नहीं होता, लेकिन नशे और अपराध के बीच संभावित संबंध को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्षेत्र में नशे के बढ़ते प्रभाव को लेकर अभिभावक चिंतित हैं। उन्हें डर है कि कहीं उनके बच्चे गलत संगत और नशे के दलदल में न फंस जाएं। युवाओं का नशे की ओर बढ़ता रुझान शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जिम्मेदारियों से दूरी का कारण बन सकता है। समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो इसके गंभीर सामाजिक परिणाम सामने आ सकते हैं।

पेंशनर समाज के सेवा सप्ताह का समापन

ब्यावर (निसं) पेंशनर समाज के सेवा सप्ताह के समापन पर श्री वंदे गौ मातरम गौशाला अजमेर रोड पहुंचे और मैनेजर साहब विष्णु रांकावत को 15000 की सहयोग राशि भेंट की। कार्यक्रम के बाद समाज कल्याण विभाग ब्यावर द्वारा चलाए जा रहे स्वयं सिद्धा आश्रम लगभग 30 निराश्रितों को बनियानों का वितरण किया। इसी के अंतर्गत सुभाष उद्यान पाल पर चल रहे महावीर अन्न क्षेत्र पर पिछले 6 दिन से पेंशनर समाज द्वारा दोपहर का भोजन करवाया जा रहा है उसमे सहयोग करते हुए तालाब में मछलियों एवं बतकों को चना एवं डबल रोटी डाली जिसको उन्होंने बड़े चाव से खाया एवं दादाबाड़ी में कबूतरों को दाना डाला । गौरतलब है की यहां हजारों की संख्या में कबूतर प्रतिदिन दाना चुगते हैं इस संस्थान को जैन समाज द्वारा पिछले कई सालों से चलाया जा रहा है । यहां की एक विशेषता है कि कबूतरों को पक्षीराज कहकर आमंत्रित किया जाता है उसके पश्चात ही कबूतर चुगा चुगने के लिए आते हैं अर्थात बिना बुलाए वो नहीं आते । अपने सेवा सप्ताह में पिछले 6 दिनों में दो गौशालाओं में

नवकार मंत्र की महिमा बताई

मसूदा। आचार्य गुरुदेव सुदर्शन लाल महाराज के शिष्य सौख्य दर्शन मुनि महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्म की गति बड़ी बलवान होती है। अच्छे कर्मों का परिणाम अच्छा और बुरे कर्मों का परिणाम बुरा ही होता है। मनुष्य को अपने प्रत्येक कार्य को विवेक के साथ करना चाहिए, क्योंकि कर्मों का फल हर व्यक्ति को अपने कर्मों के अनुसार ही मिलता है।

मुनि ने कहा कि सभी मंत्रों में नवकार मंत्र महान है। चौदह पूर्वों का सार नवकार मंत्र में समाहित है। नवकार मंत्र किसी व्यक्ति विशेष को नमस्कार करने का मंत्र नहीं, बल्कि अरिहंत सहित पंच परमेष्ठियों के प्रति वंदना का प्रतीक है। 'णमो अरिहंताणं' के माध्यम से उन अरिहंतों को नमस्कार किया जाता है, जिन्होंने चार घातिया कर्मों का क्षय कर लिया है। उन्होंने कहा कि नवकार मंत्र का जाप करने से मनुष्य को आत्मिक शांति मिलती है।

नियमित जाप से मन को शांति और जीवन में सकारात्मकता प्राप्त होती है। मंत्र के प्रति आस्था के साथ पुरुषार्थ करना भी जरूरी है। जीवन में जो शुभ कार्य करना है, उसे आज ही कर लेना चाहिए। पाप कर्मों को करने में देरी करनी चाहिए, जबकि अच्छे कार्यों में विलंब नहीं करना चाहिए। सौख्यदर्शन मुनि ने कहा कि बाहरी शत्रुओं को जीतना जितना कठिन नहीं है, उससे कहीं अधिक कठिन अपने भीतर के शत्रुओं पर विजय प्राप्त करना है। मनुष्य को पहले स्वयं पर विजय प्राप्त करनी चाहिए।

200 विद्यार्थियों ने दिखाया प्रतिभा का कौशल

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तीन उच्च माध्यमिक व पांच उच्च प्राथमिक विद्यालयों के करीब 200 विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया एवं अपनी शैक्षिणक व खेलकूद प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने कहा कि खेल एवं प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इनसे बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, अनुशासन एवं टीम भावना का विकास होता है। इस दौरान शैक्षिणक एवं बौद्धिक स्पर्धा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, साइंस क्विज, मैथ्स एंड साइंस ओलंपियाड, पर्यावरण प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी प्रकार खेलकूद स्पर्धा में कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद सहित विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें पीएम श्री निवाई को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का अवार्ड मिला एवं बालिका वर्ग में बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम स्थान पर रही।

शहर में चरमरा रही सफाई व्यवस्था की पोल खुली

■ सुभाष नगर वर्कशॉप में हकीकत देख दंग रह गए पार्षद डॉ. दयाचंद पचौरी

■ आधे से भी कम मिले ऑटो टिपर, अधिकांश खराब, चालकों ने रोया दुखड़ा - वेतन नहीं, गाड़ी नहीं, फिर भी दबाव'

भरतपुर (निसं)। शहर में चरमरा रही सफाई व्यवस्था और नगर निगम द्वारा घर-घर से कचरा एकत्रित करने के लिए संवेदक कंपनी के जरिए लगाए गए ऑटो टिपरों की जमीनी हकीकत जानने के लिए आज शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं वार्ड 55 के पार्षद डॉ. दयाचंद पचौरी ने सुभाष नगर कॉलोनी स्थित कंपनी की वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया।

डॉ. पचौरी के अचानक पहुंचने से वहां हड़कंप मच गया। वर्कशॉप की स्थिति देखकर वे हतप्रभ रह गए। शहर के लिए लगाए गए कई सुपरवाइजरों में से मात्र एक ही सुपरवाइजर मौके पर मौजूद मिला। पूरी व्यवस्था चरमराई हुई पाई गई। शहर में 65 वार्ड होने के बावजूद ऑटो टिपरों की संख्या आधी से भी कम मिली।

निरीक्षण के दौरान पार्षद ने जब चालकों से समय पर वार्डों में न पहुंचने का कारण पूछा तो उनका दर्द छलक पड़ा। चालकों ने बताया कि अधिकांश ऑटो टिपर खराब पड़े हैं और जो चालू हालत में



निवाई कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी ने सुभाष नगर कॉलोनी स्थित कंपनी की वर्कशॉप का औचक निरीक्षण किया।

हैं, उनकी हालत भी दयनीय है, चलने योग्य नहीं हैं, कभी भी हादसा हो सकता है। कंपनी ने उन्हें ठीक करने के लिए मात्र एक ही मिस्त्री रखा है, जो समय पर सर्विस भी नहीं करता।

चालकों ने बताया कि वे सुबह 6 बजे ही वर्कशॉप पर गाडी लेने आ जाते हैं, लेकिन टिपरों की कमी के कारण घंटों इंतजार करना पडता है। जब गाड़ियां अन्य वार्डों से कचरा लेकर लौटती हैं, तब दोपहर बाद ही उन्हें गाडी मिल पाती है। चालकों और हेल्परों ने यह भी बताया कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता, बेवजह तनख्वाह काट ली जाती है और अल्प वेतन में भी कंपनी उन पर दबाव बनाती है। डॉ. पचौरी के पहुंचने की सूचना पर कंपनी के अधिकारियों ने अपने प्रतिनिधि को मौके पर भेजा, जिसने सफाई देते हुए कुछ समस्याएं बताईं। इस पर पार्षद डॉ. दयाचंद पचौरी ने कहा कि वे पूरी वस्तुस्थिति से नगर निगम आयुक्त और मेयर को अवगत कराएंगे और समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खर्च होने के बाद भी शहर की सफाई नहीं हो पा रही है। उनका मकसद शहर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाना है, इसके लिए वे महापौर, आयुक्त और सभी पार्षदों के साथ मिलकर काम करेंगे। गौरतलब है कि पिछले दिनों नगर निगम की प्रथम साधारण सभा में भी वरिष्ठ पार्षद डॉ. पचौरी ने सफाई कर्मियों के वेतन और ऑटो टिपरों की संख्या पर सवाल उठाए थे।

चुनावों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

टोंक। आगामी पंचायत राज चुनाव 2026 की तैयारी (जिला परिषद, पंचायत समिति प्रत्याशी चयन) को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी टोंक पर आज दोपहर 12 बजे बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से झुंझुनू सांसद, जिला पंचायत राज चुनाव पर्यवेक्षक बृजेन्द्र सिंह ओला एवं जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, जिला संगठन सह प्रभारी डॉ सुमित गर्ग तथा कांग्रेस संगठन से जुड़े जनप्रतिनिधि, पदाधिकारीयो, जिसमें पीसीसी सदस्य जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों प्रकोष्ठों विभागों के जिला अध्यक्ष सहित जिले के विधानसभा प्रभारी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे

पुष्कर के जयपुर घाट पर आयोजन को लेकर तीर्थ पुरोहितों में आक्रोश

पुष्कर। करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र पवित्र पुष्कर सरोवर के जयपुर घाट पर धार्मिक आयोजन के नाम पर कार्यक्रम किए जाने को लेकर तीर्थ पुरोहितों ने विरोध जताया। पुरोहितों ने आरोप लगाया कि कुछ आयोजन कंपनियां स्थानीय लोगों की मिलीभगत से घाटों को कमाई का साधन बना रही हैं। उनका कहना है कि ऐसे आयोजनों से सरोवर की मर्यादा प्रभावित हो रही है। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार, सरोवर के घाटों पर इस तरह के आयोजनों पर प्रतिबंध होने के बावजूद कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इन आयोजनों की अनुमति कौन दे रहा है और स्थानीय पुरोहितों तथा आम लोगों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी जाती। रविवार को जयपुर घाट पर उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब स्थानीय तीर्थ पुरोहित श्रमदान के लिए पहुंचे। पुरोहितों के अनुसार, घाट पर एक आयोजन कंपनी की ओर से सरोवर के जल के ऊपर मंच सजाया गया था और बड़े-बड़े ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाए गए थे।